Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Regarding launching of BSNL mobile services and non-availability of SIM cards in Chhattisgarh and other parts of the country.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय,पूरे देश में बीएसएनएल टेलीफोन की कमियों और पोस्टपेड व प्री-पेड कनेक्शन्स के बारे में जानकारी दी है। मैं खासतौर पर छत्तीसगढ़ राज्य के विलासपुर जिले और राजनादगांव जिले में टेलीफोन की कमी के बारे में आपका ध्यान आकर्ति कराना चाहूंगा। वहां बीएसएनएल टेलीफोन की कमी है, टेलीफोन के लिए बहुत से आवेदन दिए गए हैं और लगभग एक लाख लोगों की वेटिंग लिस्ट चल रही है। इसी तरह बीएसएनएल के पोस्टपेड और प्री-पेड सिम काड्र्स की भारी कमी है और वेटिंग लिस्ट चल रही है। प्री-पेड कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन पोस्टपेड के लिए कमी दिखाकर भ्रटाचार चल रहा है और लोग ज्यादा रेट पर इसे बेच रहे हैं। मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि विलासपुर जिले में तख्तपुर क्षेत्र, मुंगेली, पथरिया, पंडरिया, नोरमी, बिलहा, गौरेला, पिण्डरा, कुंडा और सकरी क्षेत्र में टेलीफोन की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। वहां सिम कार्ड की व्यवस्था करने की आवश्यकता है और मोबाइल सेवा की भी आवश्यकता है। चूंकि उसके लिए सर्कुलर जारी हो चुका है और उसमें उन लोगों के नाम दर्ज हैं। अभी तक इन क्षेत्रों में मोबाइल सेवा प्रारम्भ नहीं की जा रही है।

महोदय, मैं एक अन्य बात की ओर आपका ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि विलासपुर जिले के मरवाहा पिण्डरा में एक टेलीफोन ऑफिस था जिसे अब कटघोरा में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसकी वजह से लोगों में अशान्ति फैली हुई है और वहां टेलीफोन की व्यवस्था के बारे में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहां लोग टेलीफोन व्यवस्था से वंचित हैं और अपना टेलीफोन न होने के कारण उनको असुविधा हो रही है। अतः मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विलासपुर जिले में टेलीफोन की व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए और पोस्ट-पेड व प्रीपेड कनेक्शन्स उपलब्ध कराए जाएं। जिन लोगों के नाम वेटिंग लिस्ट में हैं, उनको तत्काल टेलीफोन कनेक्शन दिए जाएं।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, आपने बहुत अच्छा बोला है। अब अपने दोस्त को भी बोलने दीजिए।